यूपी के घरेलू बाजार में एचजीएस इंडिया का विस्तार

लखनऊ। एचजीएच इंडिया 2 से 4 जुलाई को मुंबई में अपनी वार्षिक व्यापार प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। इसमें व्यावसायिक खरीदारी कर सकते हैं। हम प्रदेश के सर्वोत्तम उत्पादों को देशभर के रिटेलर्स एवं होलसेलर्ल तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एच जी एच इंडिया जैसे व्यापार मेला राज्य के उत्पादों को देश और दुनिया भर के व्यापारिक खरीदारों तक पहुंचाने का सुनहरा अवसर है। एसजीएच इंडिया के आठवीं वार्षिक संस्करण में आमंत्रित करते हैं, जिससे उन्हें निश्चित लाभ होगा। लखनऊ अपने विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोग्राम संग मिनी मेट्रो बनकर यूपी का विकास केंद्र बना है। एच जी एच इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण रुँगटा ने लखनऊ एवं यूपी के उपलब्ध अवसरों की समीक्षा की। प्रसिद्ध हस्तकला केन्द्र जिन्होनें अपने अनोखे उत्पादों से विश्व के होम डेकोर, होम टेक्सटाइल्स एवं हाउसवेयर बाजारों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। लखनऊवी चिकनकारी, मुरादाबाद का ब्रास मेटल वर्क सहारनपुर की लकड़ी पर नक्काशी,फिरोजाबाद के कॉच के सामान, भदोही के हस्तनिर्मित गलीचे कानपुर के चमड़े के उत्पाद तथा आगरा का संगमरमर के सामान विश्व प्रसिद्ध है।

स्पष्ट आवाज – लखनऊ – 7 मार्च 2019